**अति आवश्यक / महत्वपूर्ण**

**द्वारा–ई मेल**

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

सिग्नेचर बिल्डिंग,शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार लखनऊ 226002

पत्र संख्या–प्रनि–प–109 / 2025/3005 दिनांक–सितम्बर 18 ,2025

1–समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग,उ0प्र0
2–समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0
3–समस्त पुलिस आयुक्त, उ0प्र0
4–समस्त संस्था प्रमुख, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान,उ0प्र0
5–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक / उपमहानिरीक्षक,उ0प्र0
6–समस्त कार्यालयाध्यक्ष, अजनपदीय शाखा पुलिस विभाग,उ0प्र0
7–समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।

विषयः– दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 के मध्य आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत मिशन कर्मयोगी पर गोष्ठी एवं राज्य शिक्षण पखवाड़ा मनाये जाने के सन्दर्भ में।

----

कृपया महानिदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी उ0प्र0 लखनऊ ने अपने पत्र संख्या–चार ए–1030 / 23–24 / 893 दिनांक 10.09.2023 द्वारा अवगत कराया गया है, कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य **सेवा पखवाड़ा अभियान** का आयोजन किया जा रहा है। इस शिक्षण पखवाड़े के अन्तर्गत सभी विभागों / संस्थाओं के i-GOT पोर्टल पर पॅजीकृत सभी कार्मिकों के द्वारा इस अवधि में i-GOT पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों में से कम से कम 05 कोर्स को इस पखवाड़े की अवधि में अनिवार्य रूप से पूर्ण कर उसका प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

2– उल्लेखनीय है कि i-GOT पोर्टल पर उ0प्र0 पुलिस द्वारा भी हिन्दी में 04 कोर्स अपलोड करवाये गये है, इसके अतिरिक्त अन्य संगठनों द्वारा अपलोड किये गये कतिपय अन्य कोर्स, जो हिन्दी भाषा में है, की सूची भी सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न की जा रही है।

3– अतः उक्त सम्बन्ध में आप अपने विभाग / संस्था / कार्यालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों को अनिवार्य रूप से दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 के मध्य i-GOT पोर्टल पर उपलब्ध किन्हीं 05 कोर्स को पूर्ण करने के लिये निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–सूची

(राजीव कृष्णा)
पुलिस महानिदेशक
उ0प्र0 लखनऊ।

# i-GOT पोर्टल पर हिन्दी भाषा में उपलब्ध महत्वपूर्ण कोर्स

1– प्राथमिक चिकित्सा

2– साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया

3– सद्व्यवहार एवं संवेदनशीलता

4– विधि विज्ञान– फॉरेंसिक साइंस

5– समुदाय पर आधारित स्वास्थ्य और प्राथमिक चिकित्सा

6– कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन

7– राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) : निवेश एवं लाभ

8– आपदा प्रबंधन और तैयारी – आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण

9– साइबर अपराध जॉच पर बुनियादी पाठ्यक्रम

10– भारतीय न्याय संहिता 2023

11– भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023

12– भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023

13– Introduction to 3 New Criminal Laws